## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 01.11.2025 (सुबह – 0830 बजे)

**मुख्य समाचार**

- **राज्य सरकार ने लाइसेंस नवीकरण नहीं कराने वाले ब्लड बैंकों में रक्त जांच पर लगायी रोक, एलिजा जांच नहीं करने वाले ब्लड बैंकों को सील करने के निर्देश। ।**
- **घाटशिला विधानसभा उपचुनाव की सरगर्मी तेज, प्रदेश स्तरीय नेताओं ने डाला डेरा, तीन नबंवर के बाद स्टार प्रचारकों की होंगी सभाएं।**
- **चुनाव आयोग ने राज्य के 18 जिलों में बीएलए की नियुक्ति नहीं होने पर जतायी नाराजगी, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी दलों को तत्काल पहल करने के दिए निर्देश।**
- **राज्य में चक्रवाती तूफान मोंथा का असर हुआ कम, आज संताल परगना में हल्की बारिश, कल से न्यूनतम तापमान में गिरावट के साथ बढ़ेगी ठंड।**
- **खेलो झारखंड राज्य स्तरीय स्कूली एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, अंकित, सुशांत, अंशुमन और अनुष्का ने मारी बाजी।**

********************

राज्य सरकार ने लाइसेंस नवीकरण नहीं कराने वाले ब्लड बैंकों में रक्त जांच पर पूरी तरह रोक लगा दी है। यह आदेश स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने ब्लड बैंकों के संचालन की समीक्षा के दौरान दिया। श्री सिंह ने रांची के नेपाल हाउस स्थित कार्यालय में अधिकारियों और सभी सिविल सर्जनों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बैठक करते हुए रक्तकोषों को लेकर कई जरुरी निर्देश दिये। अपर मुख्य सचिव ने एलिजा जांच नहीं करने वाले ब्लड बैंकों को बंद करने के भी निर्देश दिए।

********************

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव की सरगर्मी अब तेज होने लगी है। झामुमो और भाजपा के प्रदेश स्तरीय नेताओं, सांसदों और विधायकों ने क्षेत्र में कैंप कर रखा है। झामुमो के स्टार प्रचारक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन तीन या चार नवंबर से घाटशिला में प्रचार की कमान संभालेंगे। वहीं पांच नवंबर को भाजपा के राष्ट्रीय नेता और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और छह नवंबर को पार्टी के वरिष्ठ नेता और पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी की घाटशिला में चुनावी सभा होगी।

********************

मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रवि कुमार ने राजनीतिक दलों द्वारा बीएलए की नियुक्ति में उदासीनता बरतने पर चिंता व्यक्त की है। राजनीतिक दलों ने राज्य के 18 जिलों में एक भी बीएलए की नियुक्ति नहीं की है। श्री कुमार ने सभी दलों को तत्काल बीएलए नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं, अन्यथा सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

********************

बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के अंदर सीटें नहीं मिलने से नाराज झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चुनाव प्रचार से दूर रहेंगे। पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडे ने कहा कि बिहार में झामुमो चुनाव ही नहीं लड़ रहा है तो चुनाव प्रचार किसका करेंगे।

********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार ने राजभवन में भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने राज्य में उच्च शिक्षा की स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने इसमें गुणवत्तापूर्ण सुधार की आवश्यकता पर विस्तृत चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि हमारे राज्य में ऐसा शैक्षणिक वातावरण विकसित हो, जिससे राज्य के बाहर के विद्यार्थी भी यहां आकर शिक्षा ग्रहण करने की जिज्ञासा रखें।

********************

झारखंड हाईकोर्ट ने जेएसएससी सीजीएल 2023 मेरिट लिस्ट जारी करने पर रोक बरकरार रखी है। इस मामले की अगली सुनवाई तीन नवंबर को होगी। अदालत ने सरकार की मेरिट लिस्ट जारी करने पर लगी रोक हटाने के आग्रह को अस्वीकार कर दिया। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अदालत को बताया कि उक्त परीक्षा में पेपर लीक होने के कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं।

********************

नरेन्द्र मोदी सरकार ने 22 सितंबर को कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में सुधार के साथ जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत की थी। इससे पूरे देशभर में लोगों को लाभ हुआ। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इन सुधारों से स्वास्थ्य क्षेत्र में लोगों को फायदा मिला है। एक रिपोर्ट –

********************

झारखंड लोक सेवा आयोग ने झारखंड पात्रता परीक्षा –जेट के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की तिथि 17 नवंबर रात 11 बजकर 45 मिनट तक के लिए बढ़ा दी है। पूर्व में फॉर्म भरने की तिथि 30 अक्तूबर निर्धारित थी। राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में डिग्री प्रमाण पत्र लेने वालों की भीड़ को देखते हुए ही आयोग ने छात्रहित में यह फैसला लिया है।

********************

15 नवंबर को राज्य का स्थापना दिवस समारोह रांची के ऐतिहासिक मोराबादी मैदान में मनाया जाएगा। समारोह के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

********************

राज्य में चक्रवाती तूफान मोंथा का असर अब कम होने लगा है। मौसम विभाग ने आज संताल परगना के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना व्यक्त की है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि कल से मौसम साफ होगा और इसी के साथ  न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर शुरु हो जायेगा। इससे पूरे राज्य में ठंड बढ़ेगी।

********************

रांची के मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में खेलो झारखंड राज्य स्तरीय स्कूली एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर–14 के बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में अंकित कुमार सिंह और 400 मीटर दौड़ में सुशांत उरांव प्रथम रहे। बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में अनुष्का तिर्की और 400 मीटर दौड़ में सोनी कुमारी ने पहला स्थान हासिल किया। अंडर–17 बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में अनित उरांव और 400 मीटर दौड़ में जगदीप उरांव अव्वल रहे जबकि ऊंची कूद में रंजन राज मरांडी और गोला फेंक में मोहम्मद आमिर रिजवान ने बाजी मारी।

********************

## अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने झारखंड के 48 मजदूरों ट्यूनीशिया में फंसे होने की खबर को प्राथमिकता दी है।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है– अलग होकर ज्यादा तेजी से तरक्की कर रहे नए राज्य।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– एनडीए का संकल्प, बिहार में होगी औद्योगिक क्रांति।

**प्रभात खबर** के शब्द हैं– सुप्रीम कोर्ट में झारखंड समेत कई राज्यों के मुख्य सचिव तलब।

**दैनिक जागरण** लिखता है– मेदिनीनगर में नवजात का कटा सिर मिलने से इलाके में सनसनी, नरबलि की आशंका।

*******समाप्त*******